### अदालत की हो रही अवमानना, पीड़ित पक्षकार हो रहा परेशान

# स्टे का उल्लंघन कर पुलिस की निगरानी में बनवा रहा घर



**शहडोल।** कानून व्यवस्था पर दिनोंदिन अराजकता हावी होती जा रही है। जिसके कारण पीड़ित निरीह बुरी तरह से पिस रहे हैं जबकि दबंग लोग पुलिस से सांठगांठ कर अपनी मनमानी कर रहे हैं। अदालतों और अफसरों की ड्योढियां इतनी मंहगी हो गईं हैं कि गरीब की वहां तक पहुंच भी नहीं रह गई है। सरकार ने हर आवेदन पर स्टाम्प ड्यूटी लगा दी है। शुल्क बढ़ा दिए हैं, इसके बाद सालों साल सुनवाई अटकी रहती है। इन स्थितियों में एक निर्धन निरीह कहां से त्वरित न्याय पा सकता है। अराजक दबंगों की चौकीदारी पुलिस किस तरह करती है इसका एक उदाहरण केशवाही चौकी के ग्राम जमुनिहा में देखने को मिल सकता है। एक ऐसा मामला जो अपर कमिश्नर न्यायालय में विचाराधीन है जिसके स्थगन आदेश है, उस मामले में पुलिस स्थगन की अनदेखी कर विपक्षी पार्टी का घर बनवा रही है। इसके लिए वहां विधिवत बल तैनात किया गया है।



### यह है मामला

जमुनिहा ग्राम निवासी मोहन चौधरी पिता बोधी की आराजी खसरा नंबर 774/1/1/2/3 रकबा 0.081 हेक्टयर भूमि मोहन चौधरी एवं उसके भाई,बहन व मां के नाम है। इस भूमि पर किसी कारणवश अर्जुन चौधरी निवासी बूढ़ा केशवाही के साथ विवाद हो गया था। इस संदर्भ का प्रकरण अपर कमिश्नर की अदालत में पेश किया गया था। जिसमें स्थगन लगाने की मांग भी की गई थी। अदालत ने प्रकरण की स्थिति को देखते हुए एक न्यायालय से अभिलेख मगाया था और अभिलेख आने तक प्रश्नाधीन भूमि पर निर्माण कार्य पर रोक लगाई थी। इस निर्णय को अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर तथा नायब तहसीलदार को भी पालनार्थ भेजा गया था।

### स्थगन के बावजूद निर्माण

जिस भूमि पर निर्माण के लिए अदालत ने स्थगन दिया था उसी भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। जबकि इस विचाराधीन मामले की पेशी 16 जून को होनी है। तब तक प्रतिवादी पक्ष का घर बनकर खड़ा हो जाएगा। उसे सुनवाई की आवश्यकता ही नहीं रह जाएगी। प्रतिवादी सुनवाई का हिस्सा होते हुए भी बिना निर्णय के ही अपना निर्माण कार्य पूर्ण करा रहा है जो कि न्यायालयीन प्रक्रिया का सरासर उल्लंघन है और न्यायालय की अवमामना सहित धोखाधड़ी का अपराध है। इन बातों की चिंता किए बिना ही प्रतिवादी पक्ष अर्जुन ने अपने धन का उपयोग कर अपनी मनमानी को अंजाम देने पर तुला हुआ है।



### पुलिस दे रही संरक्षण

केशवाही की पुलिस मामले की गंभीरता से परिचित होने के बावजूद अर्जुन की हिमायती बनी हुई है वह उसका साथ निभाने के लिए वहां तैनात रहकर उसका घर बनवा रही है और धमकियां भी दे रही है। बेचारे निरीह मोहन चौधरी के लिए समस्या यह है कि वह जाए तो जाए कहां, किसका दरवाजा खटखटाए। पुलिस ही अराजक आचरण करने वाले की पहरेदारी कर रही है। इससे बड़ी हैरानी की बात इस लोकतंत्र की कानून व्यवस्था में और क्या हो सकती है। सारे कानून एक तरफ, आज भी जंगल का कानून जिसकी लाठी उसकी भैंस का शमां जहां तहां दिखाई पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### फुलहन तालाब को पाटकर उसमें प्लांटिंग का खेल चालू है



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी नगर के फुलहन तालाब अतिक्रमणकारियों की चपेट में है, भूमाफिया जेसीबी से समतल करा यहां प्लांटिंग करने के फिराक में है और यहां का जिम्मेदार प्रशासनिक अमला मौन साधे खड़ा है , नगरीय क्षेत्र के पश्चिम में सूखा रोड़ के बगल में प्राचीन समय से बने नामी फुलहन तालाब को यहां भू-माफिया हड़पने की फिराक में लगा हुआ है। सूखा रोड़ में प्राचीन फुलहन तालाब को भू माफिया पाटकर प्लांटिंग कर रहा है। पहले तालाब की मेढ़ में पक्का निर्माण कर वहां कब्जा किया गया , इसके बाद अब तालाब को पाटकर वहां भी प्लाटिंग की तैयारी चल रही है। कई दिनों से तालाब में जीसीबी मशीन लगाकर उसे पाटा जा रहा है। जिसकी शिकायत पर मौके में पहुंचे हल्का पटवारी राजकुमार पटेल व राजस्व निरीक्षक आर.पी.सतनामी ने तालाब से जेसीबी बाहर निकलवाया और तालाब के स्वरूप को यथावत रखने की हिदायत दी। नगर का प्रतिष्ठित फुलहन तालाब करीब 8 एकड़ की आराजी का बताया जा रहा है। नगर के प्रतिष्ठित फुलहन परिवार के समाजसेवी नगर सेठ ने सूखा गांव की सीमा से लगा एक बड़े तालाब का निर्माण कराया था, जिसकी चौड़ी मेंढ़ में आम का बगीचा था। यह सिविल अस्पताल के आगे नौढिया और सूखा तिराहे पर स्थित है। इस तालाब की सीमा के बाद सूखा गांव की सीमा लगती हैं। यहां फुलहन परिवार के पूर्वजों द्वारा समाज में सार्वजनिक निस्तारण के लिए बनबाए गये तालाब और बगीचे को नष्टकर स्वार्थ साध रही है। तालाब की मेंढ़ में सामने मकानों का निर्माण किया, फिर पीछे तालाब पाटकर खेत बना उसे प्लांटिंग का खेल चल रहा था। नगर के कुछ अन्य तालाबों में भू माफिया अबैध कब्जे की फिराक में लगा हुआ है। यहां के जिम्मेदार प्रशासनिक अमले की उदासीनता से आने वाले समय में तालाबों का नामोनिशान मिट जाएगा।

## लापवाही के चलते हुई मासूम की मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 6 वर्षीय मासूम की इलाज में देरी के चलते मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि ब्यौहारी के बुढ़वा के रहने वाले 6 वर्षीय रमेश विश्वकर्मा की तबीयत बिगडने पर उसे सरकारी अस्पताल ब्यौहारी इलाज के लिए ले कर आए थे, लेकिन अस्पताल में समय पर इलाज नहीं मिलने से बच्चे की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी डाक्टर डाक्टर धर्मेंद्र पराशर ने जांच के नाम पर 1150 रुपये लेने के बाद भी इलाज नहीं किया। इलाज के लिए डॉक्टर से मरीज के परिजन गुहार लगाते रहे, लेकिन इलाज के लिए एक भी डॉक्टर नहीं आया। मासूम की मौत हो गई। ड्यूटी डाक्टर ने सभी आरोपों को निराधार बताया। डॉक्टर ने परिजनों पर ही समय पर इलाज नहीं कराने और गंभीर हालत में अस्पताल लाने के कारण मौत होना बताई है। यह मामला ब्यौहारी से जिला मुख्यालय तक पहुंच गया, लिहाजा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के.लाल का कहना है कि उन्होंने विषय की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच के लिए डॉ. आनंद प्रताप सिंह को ब्यौहारी भेजा है। उन्हें तीन दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी और उनसे कहा है कि वह मुझे रिपोर्ट करें अगर डॉक्टर की लापरवाही है तो, कार्रवाई करेंगे।

## तीन महीने से 3000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नहीं मिला वेतन

**शहडोल।** जिले में 1610 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं जो केंद्रों का संचालन करती हैं। इनको हर माह 13 हजार वेतन मिलता है, वहीं सहायिकाओं की बात करें तो जिले में 1400 के आस-पास इनकी संख्या है और इनको वेतन के नाम पर छह हजार मिलता है। इनको भी छह हजार में अपने खर्चे चलाने होते हैं। केंद्रों का जिम्मा संभालने वाली कार्यकर्ता व सहायिका का वेतन बहुत कम है, लेकिन काम ज्यादा है। इसके बाबजूद इनकी वेतन समय पर मिलना तो दूर तीन से चार महीने तक लटका दी जाती है, जिसके कारण इनके परिवार में आर्थिक तंगी के हालात बन जाते हैं। यही हाल हुआ है शहडोल जिले की तीन हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का।इनको फरवरी मार्च और अप्रैल का वेतन अब तक नहीं मिला। मई का आधा महीना बीत चुका है, इस तरह से कहा जा सकता है कि चार महीने होने को आ रहे हैं और इनको वेतन नहीं मिला। आर्थिक तंगी के बीच रहकर भी यह कार्यकर्ता अपने केंद्र को बहुत ही सुंदर ढंग से संभालने का काम कर रही हैं। इनके वेतन के लिए सरकार के पास बजट नहीं है, यह बहुत बडी बिडंबना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के काम की बात करें तो उनके विभागीय काम के अलावा भी उनसे काम लिया जाता है। वैसे इनका मूल काम तीन से पांच साल तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा व संस्कार के साथ उनकी सेहत का ध्यान रखना है। इसके अलावा केंद्र पर होने वाले मंगल दिवस,गोद भराई, अन्न प्राशन व जन्मदिन के आयोजन करना भी इनके काम में शामिल है। इसके साथ ही कई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बीएलओ बनाकर निर्वाचन का काम भी कराया जाता है।महिला बाल विकास विभाग से जानकारी ली गई तो जानकारी सामने आई कि बजट नहीं होने के कारण वेतन नहीं पहुंचा है। अब सवाल यह उठता है कि इतने कम वेतन पर काम करने वाली इन कार्यकर्ताओं के लिए बजट नहीं है तो, यह सरकार की कमी ही दर्शाती है। यह तो अच्छा है कि लाड़ली बहना का लाभ इनको मिल जाता है, वर्ना अधिकारियों के फोन अटेंड करने के लिए मोबाइल तक रिचार्ज कराना मुश्किल हो जाए।

## दुग्ध उत्पादन एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में करें बेहतर कार्य: कृषि उत्पादन आयुक्त

**शहडोल।** कृषि उत्पादन आयुक्त एस.एन. मिश्रा की उपस्थिति में विराट सभागार में पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में दुग्ध उत्पादन एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करें। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन एवं मस्त्य पालन को बढ़ावा देने के लिए नई-नई तकनीकों का भी प्रयोग करें और विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें जिससे लोगों को रोजगार के साथ-साथ आमदनी में भी बढ़ोत्तरी हो सकें। उन्होंने कहा कि मस्त्य पालन के लिए लोंगो को अच्छी किस्मों के मत्स्य बीज उपलब्ध कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने पशुओं हेतु शहडोल संभाग में संचालित गौशालाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए शहडोल संभाग के कलेक्टरों को निर्देश दिए कि गौशालाओं का




निरीक्षण रात्रि में करें और चारा, भूसा, पानी, बिजली आदि की व्यवस्थाओ के संबंध में जानकारी ले, व्यवस्था न होने पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाए। उन्होंने कहा कि बिजली की व्यवस्था हेतु सौर ऊर्जा भी लगवा सकते है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के संचालन हेतु दानदाताओं का भी सहयोग ले सकते है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने पशुओं को लगाएं जा रहे टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त ने कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि पशुओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराएं और टीकाकरण की स्थिति की समय-समय पर समीक्षा भी करें। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त को संचालक पुशपालन विभाग ने अवगत कराया कि पशुओ के टीकाकरण के लिए 15 मई से अभियान चलाया जा रहा है और पशुओं का टीकाकरण कार्य किया जा रहा है। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम.एम.एस.वाई. व पशु पालन एवं मस्त्य विभाग द्वारा अन्य कार्यों की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कमिश्नर एवं शहडोल संभाग के कलेक्टर्स ने जिलेवार विस्तृत जानकारियों से अवगत कराया। बैठक में अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल, कमिश्नर बी.एस.जामोद, कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल राजेश जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह ओहरिया, संयुक्त संचालक कृषि जे.एस.पेन्द्राम, संचालक पषुपालन, संचालक मत्स्य विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

## ग्रामीणों पर बाघ ने किया हमला

**उमारिया ।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर में तेंदूपत्ता तोडने गए दो ग्रामीणों पर झाडियां में छिपे हुए बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के इस हमले में किसान रघुवीर सिंह सुखदास व नरोत्तम सिंह घायल हो गए हैं। किसी तरह दोनों संघर्ष करके बस्ती तक पहुंचे। बस्ती के लोगों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, बाघ से संघर्ष करने के बाद जिंदगी जीत ली। घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक बाघ अचानक से



सामने आ गया था। उसने पहले एक ग्रामीण पर हमला किया और उसके बाद पास में काम कर रहे दूसरे ग्रामीण पर भी हमला कर दिया। दोनों ने मौत से सामना हो गया। बाघ से संघर्ष करने के बाद जिंदगी जीत ली। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ते समय ग्रामीण पर बाघ ने हमला किया है। दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## 18 लाख की चोरी को 26 हजार में वर्दी ने समेटा



### पुलिस अधीक्षक से पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

**शहडोल।** जिले में ब्यौहारी पुलिस अपने कारनामे से फिर चर्चा में आ गई है। 18 लाख की चोरी की रिपोर्ट लिखवाने पीड़ित गया था। दिनभर बैठाने के बाद 26 हजार की रिपोर्ट दर्ज की और बिना बताए दस्तखत कराए लिए। जब पीड़ित को पता चला तो, पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत लेकर पहुंचा। शीघ्र चोरों का पता लगाए जाने की मांग की है। नगर परिषद क्षेत्र ब्यौहारी के वार्ड क्रमांक-2 में शिवनरेश सोनी के घर में चोरी हो गई है। शिवनरेश ब्यौहारी थाने पहुंचे और रिपोर्ट लिखवाई। बिना बताए दस्तखत करा लिए गए हैं। घटना के संबंध में श्री सोनी ने बताया कि मैं दिन भर बैठा रहा, तब मेरी रिपोर्ट लिखी गई। पुलिस द्वारा चोरों को पकडऩे में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है।

### दवाई कराने अपनी पत्नी के साथ थे

शिवनरेश सोनी ने बताया कि 13 मई को वे दवाई कराने अपनी पत्नी के साथ शहडोल गए थे। उनके दोनों बेटे सुबह 09 बजे दुकान चले गए थे और बहू दूसरे वाले घर मऊ में थी। रात को करीब 08 बजे गेट बंद था। इसी दौरान घर के अंदर चोर घुसकर लगभग 18 लाख का सामान पार कर दिए, तीन लाख रुपये नकद घर रखे हुए थे।

### संदेहियों तक नहीं पहुंची वर्दी

पुलिस ने 14 मई को धारा 380 और 454 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। घटना के 48 घंटे बीतने के बाद पुलिस ने किसी भी संदेही को अभी तक नहीं पकड़ा है। वहीं शिकायतकर्ता के पिता ने पुलिस पर आरोप लगाया है, उनके द्वारा पुलिस में की गई शिकायत में चोरी का सामान व नगदी की कुल कीमत 18 लाख 62 हजार 860 रुपये लिखी गई है, जिसमें तीन लाख रुपये नकद हैं और बाकी सोने-चांदी के आभूषण हैं। इसके बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट में सिर्फ 26000 की चोरी लिखी गई है।

## कल शहडोल में होगा, विंध्य लोक रंग महोत्सव

### अनुपपुर में 20 एवं 22 मई को उमारिया में होगा आयोजन

**शहडोल।** उत्थान सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति म.प्र. के द्वारा शहडोल के मानस भवन में रविवार 19 मई को विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन किया जायेगा।

उक्त समिति के व्दारा रीवा एवं शहडोल संभाग के प्रत्येक जिलों में विंध्य लोक रंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देश की सबसे छोटी राष्ट्रीय लोक गायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय के लोकगीतों के साथ लोक गायक नरेन्द्रबहादुर सिंह, कपिल तिवारी, हरिश्चंद्र मिश्रा, भजन गायक बालकलाकार प्रत्यूश व्दिवेदी,शुभी सिंह ,श्रृती सिंह, रावेन्द्र तिवारी, कर्णबीर सिंह तोमर, पवन शुक्ला सहित विंध्य के लोक कलाकरों के द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इसके पूर्व संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश के व्दारा प्रधानमंत्री नारेन्द्र मोदी के शहडोल आगमन के दौरान लालपुर एवं भारत पर्व पर कार्यक्रम में मान्या पाण्डेय अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। अपनी लोक पराम्परा एवं कला, सांस्कृति, लोक संगीत का व्यापक विस्तार करने हेतु

उत्थान सामाजिक, संस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति मप्र के व्दारा विंध्य के सभी जिलों में विंध्य




लोक रंग महोत्सव का आयोजन किया रहा है। जिसका शुभारंभ 13 मई को विधि मैरिज गार्डन रामनगर, जिला मैहर से किया जायेगा। उसके बाद 14 मई मैहर इन होटल, विंध्य की धार्मिक नगरी मां शारदा की भूमि मैहर में किया जा चुका है और 16 मई को श्री शाइन मैरिज गार्ड सिंधु स्कूल के बगल में सतना में किया गया और अब कल रविवार 19 मई को मानस भवन, नगर पालिका के सामने शहडोल, में किया जायेगा। तो वहीं 20 मई को मैरिज गार्डन अनुपपुर में किया एवं 22 मई को सामुदायिक भवन स्टेडियम के समाने उमारिया में किया जायेगा। उसके बाद म, 25 मई को मंगल पैलेस बिलौजी सिंगरौली, 27 मई सात फेरे मैरिज गार्डन मउगंज में आयोजित होंगा। विंध्य लोक रंग महोत्सव शहडोल के आयोजक अमितेश कुमार पाण्डेय, गौतम विजय मिश्रा, संतोष पाण्डेय, राजेश मिश्रा ने सभी संगीत प्रेमियों से कल रविवार 19 मई की शाम 7 बजे मानस भवन शहडोल में पहुंचे की अपील किये है।

### राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के लोकगीतों की होगी प्रस्तुति

## वर्दी की सांठ-गांठ से कोयला, कबाड़, रेत का अवैध कारोबार

### खैरहा थाना क्षेत्र में पनप रहा माफिया

**शहडोल।** जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र रेत, कोयला, कबाड़ सहित नशे के कारोबार का गढ़ बन चुका है, लेकिन इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। वर्तमान समय में अगर देखा जाए तो पूरे सोहागपुर एरिया में कोयला खदानों की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे ही है, क्योंकि जिस तरह से लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं, उसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। बीते वर्षो में जब खैरहा भूमिगत खदान में पंखा घर के पास से पिकअप वाहन से खुलेआम कबाड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, तब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे, लेकिन मामला आगे नहीं बढ़ा। वैसे इस मामले में स्थानीय पुलिस ने आरोपितों को पकडऩे में सफलता पा ली थी और चोरी गए कबाड़ को भी जप्त कर लिया था, लेकिन अभी की स्थिति में देखा जाए तो लगभग सभी खदानों में चोरी की घटनाओं में इजाफा हो रहा है।

### दिन-दहाड़े कोयला चोरी

भूमिगत खदान बंगवार में पिछले कुछ दिनों से




चोरी की घटना बढ़ी है। कहने को तो यहां पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर महीने करोड़ों रुपए सुरक्षा के नाम पर खर्च भी किए जा रहे हैं। इसके बाद चोरी की घटनाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं आ रही है। यहां दिनदहाड़े जिस तरह से खदान के अंदर से कोयले की चोरी हो रही है, उसे लेकर सवाल उठ रहा है। आखिर सुरक्षा व्यवस्था होने के बाद भी खदान के अंदर से खुलेआम कोयला चोरी कैसे हो रही है या फिर यह सब मिलीभगत से हो रहा है।

### जंगल रास्ते पहुंचते हैं चोर

बंगवार खदान के अंदर देखा जाए तो चारों तरफ बेशकीमती कबाड़ फैला हुआ हैं, यह खदान जंगलों के बीचो बीच मौजूद है, जिस कारण से जंगल के रास्ते से बड़ी संख्या में चोर खदान के अंदर प्रवेश कर जाते हैं और चोरी की घटना को अंजाम देकर उसी रास्ते से वापस चले जाते हैं। बीते वर्षो में खैरहा थाना क्षेत्र में कबाड़, कोयला और रेत का अवैध कारोबार बड़ी तेजी से बढ़ा, इसके पीछे चर्चा है कि ईमानदार साहब अवैध कारोबार करने वालों से कुछ लेते ही नहीं है।

### नहीं डाल रहा कोई हाथ

कबाड़ का अवैध धंधा एक बार फिर खैरहा थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा है, सारे नियमों को ताक पर रखकर कबाड़ी अपने काले कारनमों को अंजाम देने में लगे हुए है। खास बात यह है,कि इन कोई हाथ भी नहीं डाल रहा है। जिन पर अवैध कारनामों को रोकने की जिम्मेदारी है, वे या तो आंख मूंदकर बैठे हैं या फिर नजराना लेकर अपनी जवाबदेही से पीछे हट रहे है। खैरहा थाना क्षेत्र में वैसे तो कई तरह के अवैध कार्य संपन्न होते है, लेकिन इन अवैध कारोबारों में सबसे बड़ा कारोबार अवैध कबाड़ का है। कोयला खदान से बड़ी मात्रा में कबाड़ की चोरी होती है और उसे ऐसे ही कबाडिय़ों के पास खपाया जाता है, जो दो नंबर के काम में लिप्त होते है।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजीव तुली पिता श्री देवराज तुली निवासी वार्ड नं. 1 अरिहंत कालोनी धनपुरी जिला शहडोल यह सूचित करता हूँ कि मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पेनकार्ड, मार्कशीट इत्यादि में मेरा नाम राजीव तुली है। त्रुटिवश मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम राजीव कुमार तुली अंकित हो गया है। पासपोर्ट में मैं नाम परिवर्तन हेतु यह सूचना प्रस्तुत कर रहा हूं और मुझे अब राजीव तुली के नाम से ही जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### आरोपी शंकर गुप्ता पर 30 हजार रूपये का इनाम घोषित

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में 16 मई 2024 धारा 302 के अपराध में मृतिका राज कुमारी गुप्ता उम्र 55 साल की दामाद शंकर गुप्ता द्वारा चाकू जैसे धारदार हथियार से चोट पहुंचाया गया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन डी.सी . सागर ने ग्राम जरहा के घटना स्थल का औचक निरीक्षण किया एवं आरोपी शंकर गुप्ता सिनेमा रोड बुढार को गिरफ्तार कराने वालो को 30 हजार रूपये के ईनाम से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### आधार कैंप के पूर्व प्रचार-प्रसार करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओ मे आधार कार्ड महत्वपूर्ण घटक है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी , समस्त तहसीलदारो, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियो, समस्त परियोजना अधिकारी, एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना, समस्त समग्र सुरक्षा एवं विस्तार अधिकारियों, सहायक ई गर्वनेंस प्रबंधकों, जिला समन्वयक सीएससी तथा जिला आयुष्मान समन्वयक से कहा है कि आप मैदानी अमले सीएचओ, पटवारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा , ए एन एम, आंगनबाडी कार्यकर्ता , शिक्षको को अपने क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनका आधार सुधार का कार्य किया जाना है, जिसमें जरूरी दस्तावेज तैयार कर आधार पंजीयन , अपडेट करवाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया जाए।

### नगर परिषद नौरोजाबाद में स्वच्छता अभियान चलाया गया




**उमरिया।** आयुक्त बी.एस.जामोद एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़ा चलाने हेतु निर्देश दिए गए गए है । जिसके परिपालन में नगरीय क्षेत्र नौरोजाबाद के वार्ड क्रमांक 13 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया साथ ही कचरा प्रसंस्करण स्थलों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की ब्रांडिंग कार्य कराया गया।

### अवैध रेत चोरी करते पुलिस ने पकड़ा वाहन

**जैतहरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा 17 मई की सुबह 7 बजे सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रेक्टर ट्राली लगाकर तिपान नदी गाजर घाट शिवनी मे म.प्र. शासन का रेता चोरी कर ट्राली मे लोड कर रहे है तब हमराह स्टाफ को लेकर सूचित स्थान पर पहुंचकर देखा तो स्वराज ट्रैक्टर ट्राली लगाकर ट्राली मे 03 घन मीटर रेता लोड था उत्क्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिम लिया गया तथा आरोपी चालक कल्याण सिह गोड़ पिता आनंद सिह गोड़ उम्र 24 वर्ष निवासी झांईताल एवं वाहन मालिक लक्ष्मण सिह राठौर पिता वीरभान राठौर उम्र 47 वर्ष निवासी आदर्श ग्राम शिवनी के विरूद्ध अपराध क्र 232/2024 धारा 379, 414, 34 ताहि 4/21 खान खनिज अधिनियम वाहन का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है एवं ट्रैक्टर क्र. एम.पी. 65 एए 4386 में बिना नंबर की ट्राली लगाकर ट्राली मे 03 घन मीटर रेता लोड था उत्क्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिम लिया गया तथा आरोपी चालक राहुल राठौर पिता रामखेलावन राठौर उम्र 22 वर्ष निवासी अमगवां एवं वाहन मालिक राजेन्द्र सिह राठौर पिता ददन सिह राठौर उम्र 34 वर्ष निवासी बलबहरा के विरूद्ध अपराध क्र 231/2024 धारा 379, 414 ,34 ता०हि0 4/21 खान खनिज अधिनियम वाहन का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक पीसी कोल, अमरलाल यादव, विपुल शुक्ला, प्रदीप पाण्डेय, रामेश्वर सिह, अरविंद सिह, मोहित राणा, रामेश्वर शर्मा, विक्रम परमार की उल्लेखनीय भूमिका रही।

---

### वार्डों में लगे कई हैंडपंप खराब, स्थानीय वार्डवासी परेशान

# जयसिंहनगर के वार्डों में गहराया जल संकट

**जयसिंहनगर। मई के महीने में पड़ रही भीषण गर्मी के साथ ही नगर परिषद जयसिंहनगर में पेय जल का संकट खड़ा हो गया है जयसिंहनगर नगर परिषद अंतर्गत वार्डो में नल जल व्यवस्था अस्त व्यस्त जिससे नगर के कई वार्डो में महीनो से पेय जल की किल्ल्त की समस्या समाने आ रही है।**

जयसिंहनगर के कई वार्डो से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 में पिछले कुछ महीनो से नगर परिषद द्वारा की जाने वाली पानी सप्लाई व्यवस्था बंद पड़ी हुई है, वार्ड क्रमांक 09 में की जा रही सप्लाई में पानी में कीड़े और गंदा पानी की शिकायत वार्ड के निवाशियो द्वारा परिषद में किए जाने की सुचना प्राप्त हुई है, जिस पर नगर परिषद द्वारा कोई समाधान नहीं किया गया, वहीं नगर परिषद जयसिंहनगर के कई वार्डो में परिषद द्वारा पूर्व में लगवाए गए हैंड पंप बंद पड़े हुए है।








#### अब तक नहीं शुरू हुई नल जल योजना

गौरतलब है की नगर परिसद जयसिंहनगर के पेय जल की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2015-2016 में मुख्यमंत्री शहरी नल जल योजना के तहत राशि लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से निगाई गाँव से सोन नदी के पानी को पाइप लाइन के द्वारा जयसिंहनगर में बनाए गए ?ल्टिर प्लांट में लाकर उसकी सप्लाई वार्डो में पाइप लाइन बिछाकर जयसिंहनगर के सभी वार्डो में करनी थी, बीते वर्षो में कई बार निर्माण की लागत राशि में संसोधन करते हुए अब तक नगर परिषद जयसिंहनगर द्वारा ठेकेदार को लगभग 14 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान किए जाने के बाद भी मुख्यमंत्री शहरी पेय जल योजना का लाभ नगरवाशियो को नहीं मिल पाया है, जिसका खमियाजा नगर को भीषण गर्मी में पेय जल आपूर्ति ना होने पर उठाना पड़ रहा है।

#### नए हैंडपंप की खुदाई पर उठे सवाल

आगामी लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता के पूर्व नगर परिषद जयसिंहनगर द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में नए बोर कर हैंड पंप लगवाने का ठेका ठेकेदार को दिया गया था, जिसके कार्य आदेश आदर्श आचार संहिता जारी होने के पूर्व ही जारी किए गए थे, लगभग दो महीनो के लम्बे इंत?ार के बाद ठेकेदार द्वारा शुरू किए गए। नए हैंडपंप के काम की शुरुआत में ही नगर परिषद जयसिंहनगर द्वारा चयनित स्थल का विरोध जनप्रतिनिधियों द्वारा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शिकायत की गई जिसके बाद वार्ड क्रमांक 6-7 में चल रहे बोर के कार्य को बंद कर दिया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पहले से ही पांच मीटर के दायरे में दो शासकीय हैंड पंप के होने से दूसरी जगह पर बोर कर हैंडपंप लगाने की मांग जनप्रतिनिधियों द्वारा की गई थी।

#### नल जल विभाग में है कर्मचारियों की कमी

सूत्रों के अनुसार नल जल विभाग के दो कर्मचारियों को नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा द्वेष भावना पूर्वक निकाले जाने के बाद नगर परिषद जयसिंहनगर अंतर्गत पेय जल आपूर्ति की जिम्मेदारी संभालने वाला पेय जल आपूर्ति विभाग वर्तमान में कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है

#### नपा प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

जयसिंहनगर के कई वार्डो में पेय जल की समस्या है नगर परिषद के प्रशासन के द्वारा इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है परिषद अध्यक्ष पति और पुत्र के द्वारा वार्ड क्रमांक 6 एवं 7 में नए बोर और हैंडपंप कनेक्शन के लिए अनुपयुक्त स्थल का चयन किया गया था जब एक ही जगह पर पांच मीटर के दायरे में पहले से ही कई शासकीय हैंड पंप लगे हुए है तो नया हैंड पंप दूसरी जगह पर लगवाया जाए जिससे सबको लाभ मिलेद्य

**राम नारायण पांडेय**
**भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष**

नगर परिषद जयसिंहनगर अध्यक्ष को हमारी समस्यों से कोई मतलब नहीं है। नगर परिषद में नगर की समस्याओ को कोई सुनने वाला नहीं है ।

**अरुण बसोर**
**पार्षद वार्ड क्रमांक-01**

नगर में पेय जल की समस्या गंभीर है कई बार कहने पर भी अब तक कार्यवाही नहीं हुई है। परिषद् की बैठक में सिर्फ हस्ताक्षर करवा कर कोरम पूर्ति की कार्यवाही की जाती है।

**रोशनी गुप्ता**
**पार्षद वार्ड क्रमांक-12**

मेरे वार्ड में गंदे पानी की समस्या है कई बार वार्ड वाशियो ने शिकायत भी की है पर स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ द्य मुख्यमत्री शहरी नल जल योजना के तहत करोडो रूपये की राशि निकाल ली गई पर योजना अभी तक शुरू नहीं हुई। नीरज शर्मा, पार्षद वार्ड क्रमांक- 09

#### इनका कहना है...

मुख्यमंत्री शहरी नल जल योजना के तहत टेस्टिंग का काम चल रहा है जल्द ही नगर में योजना के उद्देश्य के अनुसार पेय जल की सप्लाई शुरू हो जाएगी द्य हैंडपंप के ?राब होने का मामला आपसे संज्ञान में आया है मै इसे दिखवाता हूं।

**निशांत ठाकुर**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**

---



## विकास खण्ड स्तरीय बैठक संपन्न

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.मेहरा की अध्यक्षता में विकासखण्ड करकेली एवं मानपुर में बैठक संपन्न हुई । बैठक में आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वितरण की समीक्षा की गई । समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उपलब्धि कम पाए जाने पर एक सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त शासकीय कर्मचारी, एएनएम, एमपीएस पर कार्रवाई करते हुए वेतन रोकने हेतु निर्देशित किया। संविदा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं आशा सुपरवाइजर पर्यवेक्षक का 10 दिवस का का मानदेय काटे जाने के निर्देशित किया गया। ब्लॉक स्तर पर स्वर्ण श्रेणी के गांव बनाए जाने हेतु सर्वे कार्य की समीक्षा की गई जिसमें 10 वर्ष से 19 वर्ष से किशोर किशोरियों का सर्वे कर टीडी का टीका एवं हीमोग्लोबिन की जांच एवं सिकल सेल एनीमिया की जांच का सर्वे कर पूर्ण करने हेतु योजना बनाई जाने पर चर्चा की गई । ैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ रिचा गुप्ता के द्वारा टिक कार्ड की समीक्षा की गई जिसमें विगत महा विजिट में आए डॉक्टर हिमानी यादव डिप्टी डायरेक्टर के भ्रमण में पाई कर्मियों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया वयस्क बीसीजी वैक्सीनेशन की समीक्षा की गई । बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक एसपी गुप्ता ,जिला मीडिया प्रभारी बुधराम रंगडाले, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक रेखा वाधवानी, ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइज राजेंद्र वर्मा, सपोर्ट एजेंसी एविडेंस एक्शन कोऑर्डिनेटर समीर सिंह परिहार एवं समस्त फील्ड स्टाफ हेल्थ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## समर कैंप में चित्रकला के माध्यम से दिया संदेश

**उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय ओहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद पाली अधिकारी भूपेंद्र सिंह व पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग विकासखंड पाली समंवयक रेशमा श्याम शर्मा के सहयोग से युवा टीम उमरिया के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।**



समर कैंप में विद्यार्थी उत्सुकता के साथ सहभागिता निभा रहे हैं तथा चित्रकला, नृत्य ,गायन, वॉलीबॉल, फुटबॉल ,कबड्डी, क्रिकेट, सेल्फ डिफेंस व शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। युवा टीम लीडर हिमांशु तिवारी के द्वारा प्रातः छात्रों को राष्ट्रगायन करवाया गया। इसके पश्चात दौड़ प्रतियोगिता व्यायाम एवं अन्य अभ्यास कराए गए। इसी प्रकार चित्रकला, फुटबॉल व क्रिकेट का भी प्रशिक्षण किया गया। समर कैंप के दौरान आयोजित योग की पाठशाला में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी ने उत्साह एवं अनुशासन से भाग लिया। समर कैंप में अनेक शिक्षक शिक्षकों कर्मचारियों को तथा अभिभावकों का भी सतत सहयोग मिल रहा है। विद्यार्थियों की शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए समर कैंप में अत्यंत योगी साबित हो रहा है। समर कैंप में बच्चों को बताया गया कि बच्चों में चहुंमुखी प्रतिभा के विकास के लिए समर कैंप बहुत महत्वपूर्ण है। अलग-अलग विधाओं के खिलाड़ी ऐसे आयोजनों में अपनी प्रतिभा को निखारते हैं। खेलों के माध्यम से ही हम अपनी शारीरिक क्षमताओं को बढ़ा सकते हैं ऐसे आयोजनों से जो प्रतिभाशाली खिलाड़ी होगा उसे आगे बढने का मौका मिलेगा पढ़ाई की साथ-साथ खेल भी खेलना जरूरी है। इसी क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ चित्रकला के माध्यम से नशा मुक्ति, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता अभियान का संदेश दिया। इस दौरान ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रेशमा श्याम शर्मा, क्रिकेट कोच नृपेंद्र सिंह, हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,श्रीराम तिवारी, अंकित गौतम, सत्यम सेन, लकी यादव,मेहर हाशमी, नैनी मालवीय,निरंजन कुशवाहा, लव कुश बर्मन,सपना साहू,नेहा बैगा,शिव बैगा,शुभद्रा बैगा,शिवन्या बैगा,शुभांगी श्रीवास्तव, छवि रौतेल,सुनील प्रजापति व सभी उपस्थित रहे।

---

### पालिका को न अपने टैक्स की चिंता, न लोगों के जान की परवाह

# अवैध होर्डिंग की भरमार, सो रही नगर सरकार

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के कारण पूरा नगर अवैध होर्डिंग्स से पट गया है। अवैध तरीके से जहां-तहां लगी प्रचार सामग्री से नगर की खूबसूरती बिगड़ती जा रही है। तेज हवा के चलने पर इन होर्डिंग्स से हमेशा ही हादसे की आशंका बनी रहती है। बावजूद इसके नगर पालिका प्रशासन इन अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ कोई अभियान नहीं चला रहा है। नगर पालिका की आय का जरिया नगर में लगने वाली प्रचार सामग्री भी है। इसका ठेका होता है। नगर पालिका ने नगर में होर्डिंग्स लगाने के लिए स्थान निर्धारित करना चाहिए, लेकिन नगर पालिका के द्वारा कोई स्थान निर्धारित नहीं किया गया है बावजूद इसके नगर भर में जगह-जगह अवैध रूप से होर्डिंग्स और बैनर लगाए जा रहे हैं, जबकि पालिका की ओर से निर्धारित स्थानों के अलावा अन्य जगहों पर होर्डिंग्स लगाना गैरकानूनी है। ऐसा करने पर जुमार्ना वसूलने का प्रावधान है। बावजूद इसके नगर पालिका कोई कार्यवाही नहीं कर रही।




#### होर्डिंग से बिगड़ रही नगर की सूरत, हादसे का बन सकती है कारण

#### हादसे का कारण बन सकती है अंडरब्रिज के पास होर्डिंग

अंडरब्रिज के पास तमाम होर्डिंग लटक रही हैं। इनको बाकायदा बोर्ड बनाकर लटकाया गया है। इसमें कुछ राजनीतिक होर्डिंग हैं तो कुछ दुकानों से संबंधित। ये सब अवैध बताई जाती है। अंडररब्रिज से लटकती होर्डिंग कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। मगर इन्हें हटवाने के लिए नगर पालिका प्रशासन आगे नहीं आ रहा है।

#### मुसीबत बन सकती है बल्लियों पर लगी होर्डिंग

नगर के हर तिराहे और चौराहे पर बांस बल्लियों के सहारे होर्डिंग लगी हैं। सदर चौराहों पर बल्लियों के सहारे होर्डिंग लगी हैं। आंधी-बारिश में बल्लियों पर लगी होर्डिंग दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। मुख्य मार्गों पर प्रचार सामग्री की भरमार अवैध रूप से लगाई गई प्रचार सामग्री से मेन रोड भी अछूती नहीं है। यहां पर होर्डिंग तो नहीं हैं, लेकिन दुकानदारों ने अपना प्रचार करने के लिए पूरी रोड पर बैनर लगवा रखे हैं, जिसका संबंधित दुकानदार शुल्क तक नहीं देते हैं। इस तरह अवैध रूप से लगे दर्जनों बैनरों से मेन रोड पूरी तरह से पट गई है।

#### दो से तीन हजार रुपये सालाना होर्डिंग्स का वार्षिक शुल्क

नगर पालिका की ओर से निर्धारित स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने का शुल्क करीब दो से तीन हजार रुपये सालाना है। शुल्क जगह के अनुसार निर्धारित है। इसे जमा करने के बाद ही चयनित स्थानों पर होर्डिंग लगाई जा सकती हैं। नागरिकों का कहना है कि नगर में नगर पालिका के द्वारा स्थान चिन्हित करना चाहिए तभी होर्डिंग्स लगाने की अनुमति है। बावजूद इसके ऐसा कोई चौराहा और रोड नहीं, जिस पर अवैध रूप से प्रचार सामग्री लगी न हो। ये लोग किराया भी नहीं दे रहे, जबकि इन्हें हटवाने के लिए कई बार नगर पालिका में नागरिकों के द्वारा शिकायत भी की गई है।

#### मुंबई में हुई दुर्घटना

2 दिन महाराष्ट्र के मुंबई में तेज आंधी तूफान चलने के कारण होडिंग गिरने से कई लोगों की जान गई कई लोग घायल हो गये यहां तक की जो चार पहिया वाहन थे वह भी चकनाचूर हो गए । नगर पालिका प्रशासन को मुंबई की घटना से सबक लेनी चाहिए। कहीं यह घटना कोतमा में घटित ना हो इसके लिए पहले से ही नगर पालिका प्रशासन को कमर कस लेनी चाहिए।

#### इनका कहना

जल्द ही नगर में अवैध रूप से लगाई गईं होर्डिंग्स को हटवाने के लिए पालिका प्रशासन अभियान चलाएगा। साथ ही होर्डिंग्स लगाने वालों से जुर्माना भी वसूला जाएगा।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**

---

### सड़क दुर्घटना में मृत प्रधान आरक्षक के परिजनों से मिलने पंहुचे अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक



**उमरिया।** जिले के बिलासपुर थाना चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिशुपाल रौतेल की बीती रात सडक़ दुर्घटना में गंभीर घायल होने के बाद जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। घटना की जानकारी के बाद पूरा पुलिस महकमा शोक में डूब गया । घटना की जानकारी के बाद शहडोल जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डीसी सागर, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह जिला अस्पताल पंहुचे और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। एडीजीपी डीसी सागर देर रात पुलिस लाइन पंहुचकर मृत प्रधान आरक्षक के परिजनों से मुलाकात करते हुए उन्हें इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया । विदित हो कि बिलासपुर चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक शिशुपाल रौतेल की दो पहिया वाहन की आपसी भिड़ंत में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई थी।

### अज्ञात व्यक्ति का मिला शव, फैली सनसनी

**कोतमा।** थाना अंतर्गत एक अज्ञात एक अज्ञात व्यक्ति की कुएं में चार से पांच दिन पुरानी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव मिलने की जानकारी गुरुवार की शाम 7 के लगभग थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी को मिली तत्काली में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर कुएं से शव को बाहर निकलवाया। बताया जाता है कि मृदा की उम्र करीब 25 से 35 वर्ष, ऊंचाई करीब 5 फीट 5 इंच सफेद छींटदार फुल शर्ट तथा कमर में अंडर वियर पहना हुआ है ।शरीर पानी मे पड़े रहने के कारण फूल चुका था। शव करीबन 3-4 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। रामनरेश साहू निवासी निगवानी के निगुड़ियानाखा खेत में बने कुआं के पानी में शव उतराते हुए पाया गया। मृतक के शरीर में कीड़े पड़ गए थे। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने रामनरेश साहू की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। थाना प्रभारी के द्वारा आसपास के थानों में पहचान के लिए सूचना भेजी गई है। शव की पहचान न होने के कारण पुलिस ने नगर पालिका कर्मचारियों के सहयोग से शव को दफन करवा दिया है।



## खबर संक्षेप

### बहला फुसलाकर नाबालिग युवती को भगा ले गये युवक को पुलिस ने स्टेशन से पकड़ा

**बुढार।** थानांतर्गत ग्राम सेमरा से बीते मार्च महीने में एक 16 वर्षीय बैगा परिवार की नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया जिसकी शिकायत थाने में युवती के पिता ने दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक युवती की पतासजी करने में जुटी थी जिस मुखबिर की सुचना पर रेलवे स्टेशन से पकड़कर पुछताछ की जा रही है। महिला सब इंस्पेक्टर श्रीमती शोभा नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव सेमरा निवासी बैगा परिवार की नाबालिक लड़की को गांव के ही चिंता मणि उर्फ पिंटू पिता बाल करण बैगा निवासी सेमरा को दस्तयाब कर मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपी के विरूद्ध धारा 363,366,376,पास्को एक्ट के तहत पुलिस अभिरक्षा में लेकर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### जल निगम की पाइप लाइन के संबंध में कार्यशाला आज

**रीवा।** जिले भर में जल जीवन मिशन के तहत समूह नल-जल योजनाओं के निर्माण कार्य बड़ी संख्या में जारी हैं। पेयजल व्यवस्था के लिए हजारों किलोमीटर की पाइपलाइन बिछाई जा रही है। बिछाई गई पाइपलाइन अन्य निर्माण कार्यों से क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए पाइपलाइन पर संकेतक लगाए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि 18 मई को दोपहर 12 बजे से विन्ध्या रिट्रीट में जल जीवन मिशन की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जल निगम की पाइपलाइन तथा अन्य परिसम्पत्तियों को जियो पोर्टल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन में जाकर चिन्हित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, विद्युत मण्डल, सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, हाउसिंग बोर्ड, पीआईयू तथा निर्माण कार्यों से जुड़े सभी विभागों से जुड़े संभागीय तथा जिला अधिकारियों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है।

### कलेक्टर 21 मई को करेंगी निर्माण कार्यों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में 21 मई को प्रातः 11 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम तथा अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक 29 मई को


**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 29 मई को महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे आरंभ होगी। बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना योजना, पोषण आहार वितरण, मंगल दिवस तथा अन्य विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### एनेमिक गर्भवती महिला को बचाने आगे आया प्रशासन

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा प्रसव के रेफरल मामलों की नियमित समीक्षा और निगरानी की वजह से संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासन की सक्रियता और तत्परता से ढीमरखेड़ा क्षेत्र की ग्राम खाम्हा की मानसिक रूप से अस्वस्थ 8 माह की गर्भवती महिला को समय पर उपचार मिल सका। जिला प्रशासन की टीम की सक्रियता की वजह से बहोरीबंद के चरगवॉ गांव से ढीमरखेड़ा के खाम्हा गांव पहुंची 8 माह की हाईरिस्क गर्भवती आदिवासी महिला जिसका मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। साथ ही उसके पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी है।

## भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा बेली पंचायत की जमुहाई में बनी क्रांकीट रोड

# बनते ही जगह-जगह आई दरारें







**मामला बेली के जमुहाई गांव का**

आदिवासी विकास खंड पाली की ग्राम पंचायत बेली की जमुहाई की कांक्रीट रोड में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। बेली पंचायत की जमुहाई के निर्माण कार्य इन दिनों अनियमितता और धांधली का अड्डा बनकर रह गया है।

**बिरसिंहपुर पाली**

यहां पर जो भी विकास कार्य कराए गए हैं उनमें जमकर भ्रष्टाचार की कुदाल चलायी गयी है। अभी हाल में ही बेली ग्राम पंचायत की जमुहाई गांव में बनी क्राकीट सड़क तो एक उदाहरण बन कर तैयार है जिसमें भ्रष्टाचार चिल्ला चिल्ला कर बोला है। बताया जाता है कि इस सड़क में भी गुणवत्ता की अनदेखी जमकर की गयी जिस वजह सडक अस्तित्व में आने के पहले ही जगह जगह से फट गई है। ।जमुहाई में बनी इस सी सी रोड में गुणवत्ता की अनदेखी शुरू से ही की गयी है , नियमानुसार इस सड़क में एक फीट गहरी खुदाई कर सड़क का बेस तैयार किया जाना था, लेकिन न जाने इस विभाग में बैठे तकनीकी अधिकारी ने विकास खंड पाली ग्राम पंचायत बेली के ग्राम जमुहाई की सड़क में कही भी इसका पालन करना उचित नहीं समझा। बेली ग्राम पंचायत तो कभी इसका पालन करने वाली नहीं है । गुणवत्ता विहीन इस मार्ग में लगने वाली सामग्री पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं और उसके अनुपात को लेकर भी । इस निर्मित मार्ग में न तो वाई वेटर चलाया गया और न ही पर्याप्त मात्रा में पानी की तरावट ही की गयी, यही वजह है कि सड़क अस्तित्व में आने के पहले ही दम तोड दी । जानकार सूत्रों का कहना है कि ग्राम पंचायत के जिम्मेदारो ने हद तो तब पार कर दिया जब तय लम्बाई -चौडाई के साथ भी खेल खेलकर जेब भरने से परहेज नहीं किया ।तय मात्रा से लम्बाई और चौढाई मे भी कटौती कर लोगों को और परेशानी में डालने का काम किया गया है । अस्तित्व में आने के पहले रोड में कई जगह दरारें आ गई है जिसे छिपाने के लिए सबकी आंखों में पर्दा डालने में माहिर पंचायत सरपंच, सचिव ने सड़क में मिट्टी बिछाकर दरारों को भरने का काम किया है , लेकिन गलत गलत ही होता है रोड में दरार आने से मिट्टी तो डाल ही दी गई है लेकिन दूसरी जगह से भी दरारें पड़ गई हैं । सड़क की गुणवत्ता व मानक को लेकर जों सवाल उठाए गये है उसकी प्रमाण तो सड़क खुद ब खुद कह रहीं हैं , जरूरत है उसकी आवाज सुनने और देखने की । इस सम्बन्ध में मुख्यकार्यपालन अधिकारी कुमार कन्हाई से जमुई में बनी कंक्रीट सड़क में आई दरारों एवं गुणवत्ता के संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने कहा मैं इसकी जांच कराऊंगा एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी गठित कर जांच करवा कर वैधानिक कार्रवाई करूंगा।

## नगर में पशु चोर हैं सक्रिय





**धनपुरी।**

इन दोनों धनपुरी नगर व आसपास मवेशियों (जानवर) की चोरी करने वाले चोर गिरोह सक्रिय है बताया जाता है कि अभी हाल ही में धनपुरी निवासी देवेंद्र कचेर की दूध देती गाय को अज्ञात चोरों व सामाजिक तत्व द्वारा जानवर हांक लेगए इसके बदले में यह गिरोह मोटी रकम कमा रहा है। धनपुरी नगर के मवेशियों की बिक्री दूर दराज में जाकर करते हैं जिसकी लिखित रिपोर्ट देवेंद्र कचर के द्वारा बीते चार माह पहले की गई उसे पर आज तक ना ही चोरों का पता चला और ना ही चोर गिरोह किसी सदस्य का और ना ही चोरी गए जानवर बरामद हुई इस प्रकार मवेशी चोर सक्रिय है।

## असामाजिक तत्वों से परेशान हैं व्यापारी वर्ग

**धनपुरी।**

साप्ताहिक बाजार गुरुवार एवं रविवार को यहां लगती है जहां पर आसपास के गांव से सब्जी विक्रेताओं सब्जी बेचने यहां पर आते हैं जबरदस्ती सामाजिक तत्व के उन्हें परेशान करते हैं। दुर्गा मढिया मन्दिर, अच्छी मोहल्ला के आसपास पूरे शराबी गंजेड़ी एवं कोरेक्स पीकर वहां पर गाली गलौज करते हैं एवं बाहरी लोगों के ऊपर जबरदस्ती दबाव बनाते हैं कहीं-कहीं तो ऐसा होता है कि सब्जी बेचने वाले सब्जी बेचने में जुट जाते हैं इस उपरांत उनके साइकिल गोल कर दी जाती है। मोटरसाइकिल का हवा खोल दिया जाता है इस प्रकार की कार्य प्रणाली से आम व्यापारिक त्रस्त है। साप्ताहिक बाजार के दिनो मे अगर पुलिस ग्रस्त कर सामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करें ताकि बाजार के दिनो सामाजिक कार्य वाही हो



जिससे भोले भाले सब्जी विक्रेताओं का अस्तित्व बरकरार रहे। पुलिस प्रशासन इस ओर ध्यान दें।

## टेम्पो टैक्सी ठेकेदार को दी गई चेतावनी अवैध वसूली बंद करे अन्यथा की जावेगी वैधानिक कार्यवाही

**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस की अवैध वसूली के संबंध शिकायते प्राप्त होने पर निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा भ्रमण के दौरान पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स संदीप कुमार तिवारी तनय स्व. श्री इन्द्रमणि प्रसाद तिवारी के द्वारा कई स्थानों पर वसूली कर्मचारियों द्वारा चलते हुए वाहन, टैम्पो-टैक्सी को रोक कर वसूली की जा रही थी, वसूली कर्मचारी निर्धारित ड्रेस में नहीं थे और न ही नगर निगम रीवा द्वारा प्रदाय परिचय-पत्र लगाते है, निर्धारित स्थलों के अलावा अन्य स्थानों पर भी चलते वाहनों को रोककर टैम्पो टैक्सी की अवैध वसूली की प्रायः शिकायते प्राप्त होती रही है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस की वसूली हेतु परिषद द्वारा चोरहटा, निपनिया, सिरमौर चौराहा, पुराना बस स्टैण्ड, डेकहा तिराहा, नया बस स्टैण्ड, धोबिया टंकी, हॉस्पिटल तिराहा, कुठुलिया एवं रतहरा बाईपास के पास स्थान निर्धारित किये गये हैं तथा निर्धारित स्थान से सवारी ढोने वाले टैम्पो-टैक्सी से फीस लेने की अनुमति है। बीच रास्ते चलते वाहन को रोककर एवं निर्धारित स्थलों के अलावा अन्य स्थल पर अवैध वसूली करने के कारण दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ठेकेदार मेसर्स संदीप कुमार तिवारी को निर्देशित किया गया है कि टैम्पो टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली में लगे कर्मचारी निर्धारित ड्रेस पहनकर एवं नगर निगम रीवा द्वारा प्रदाय परिचय-पत्र लगाकर ही वसूली करें एवं वसूली स्थलों में 02 दिवस के अन्दर वसूली का फ्लैक्स बोर्ड अवश्य लगाएं तथा निर्धारित स्थानों में ही टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस की वसूली कराएं तथा चलते वाहनों से वसूली न की जाय। अन्यथा की स्थिति में निगम द्वारा निर्धारित शर्तों के उल्लघन, जनहित को होने वाली असुविधा एवं संभावित दुर्घटनाओं के मद्देनजर ठेकेदार व सम्बंधित वसूली कर्मचारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी तथा टैम्पो-टैक्सी स्टैण्ड फीस वसूली हेतु दी गई अनुमति वापस लिये जाने की कार्यवाही भी की जावेगी।

## 33 केवी विद्युत लाइन सुधार के दौरान दो कर्मचारी आए करंट की चपेट में, एक की हालत गंभीर


**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को मैदानी में 33 केवी विद्युत लाइन में सुधार कार्य कर रहे दो कर्मचारी करंट की चपेट में आ गए जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जिसे संजय गांधी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आई है। यहां पूरी व्यवस्था आउटसोर्स कर्मचारी के जिम्मे छोड़ रखी गई थी जिसको लेकर कर्मचारियों के अंदर आक्रोश भी है। घटना को लेकर घायल कर्मचारी के साथी मुकेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मैदानी में 33 केवी लाइन का विद्युत सुधार कार्य चल रहा था। जिसके लिए विभाग से परमिट भी जारी किया गया था।उन्होंने बताया कि आज दोपहर खंभे में चढ़कर आउटसोर्स कर्मचारी आशीष पाण्डेय और राजू पटेल विद्युत सुधार का कार्य कर रहे थे इसी दौरान तेज हवा चली और पास से गुजर रहे दूसरे तार में



33 केवी लाइन का तार जाकर टकरा गया जिससे करंट आ गया और दोनों कर्मचारी करंट की चपेट में आ गए इस दौरान आशीष पांडे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जबकि राजू पटेल भी मामूली रूप से घायल हुए हैं मुकेश पांडे ने बताया कि विद्युत लाइन सुधार के दौरान बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को मौके पर होना चाहिए लेकिन उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारी संजय सिंह चौहान को वहां पर जिम्मेदारी दे रखी थी जिनका कोई हक नहीं है, ओर कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण भी नहीं दिए गए थे जिसके चलते यह घटना हुई है अगर इसमें जल्द ही सुधार नहीं किया गया और कार्रवाई नहीं की गई तो उनके संगठन द्वारा शहर भर में ब्लैक आउट किया जाएगा।

## बीच सड़क महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा, जमकर पिटा ऑटो चालक

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना अंतर्गत पुराने बस स्टैंड के पास मुख्य मार्ग में बीच सड़क पर महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। महिला ने ऑटो चालक को एक के बाद एक थप्पड़ जड़ती रही और जमकर गाली गलौच किया। इस पूरे घटना क्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक महिला ऑटो चालक को गाली गलौज के साथ धमकाती हुई नजर आ रही है।



ठीक इसके बाद महिला ऑटो चालक को थप्पड़ मारती हुई नजर आ रही है। महिला को युवक के साथ मारपीट करता देख आसपास के लोग भी युवक के साथ जमकर मारपीट करने लगे जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर डायल हंड्रेड पहुंची और युवक को थाने ले गई फिलहाल युवक पर क्या कार्यवाही की गई है। यह मारपीट किस वजह से हुई है ये पुलिस का जांच का विषय है।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 912654 क्विंटल गेहूं की खरीद

**समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के अंतिम तीन दिन शेष**

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के अंतिम तीन दिन शेष हैं। गेंहू खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 17 मई तक 19486 किसानों से 912654 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 219 करोड़ 3 लाख 71 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 779360 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 133 करोड़ 87 लाख दो हजार 992 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 24914 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## गौवंश के संरक्षण को लेकर स्वामिनी योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

**मऊगंज।** वन परिक्षेत्र अधिकारी हनुमना नयन तिवारी द्वारा विस्तार वानिकी योजना हेतु प्रस्तावित स्थल दादर पश्चिमी गौशाला ,मऊगंज में आयोजित स्वामिनी योजना कार्यक्रम में उपस्थित होकर वहां आम जनमानस को वन विभाग की योजनाओं और कार्यों तथा पशुपालक विभाग जिला पंचायत के साथ किए जाने वाले पौधारोपण तथा गोबर खाद, वर्मी खाद बनाने की भविष्य में संभावना पर भी विचार किया । कार्यक्रम में आए ग्रामीणों को आगामी बारिश में पौधा रोपण हेतु प्रोत्साहित किया तथा गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वन विभाग की सहयोगी योजनाओं से अवगत कराया तथा वन भूमि पर चरागाह विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की ।साथ ही विस्तार वानिकी योजना के लिए तालाब का भी भ्रमण किया।

## प्रतिबंधित मादक पदार्थ कारोबारियों के अड्डे पर नईगढ़ी पुलिस की दबिश

**कारोबारियों के कब्जे से प्रतिबंधित गांजा एवं नशीली कफ सीरप जप्त कर की गई कार्यवाही**

**मऊगंज।** पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेंद्र जैन द्वारा प्रतिबंधित मादक पदार्थ कारोबारियों के कारोबार में नकेल कसने के उद्देश्य चलाए गए विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुराग पांडेय के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी मऊगंज अंकिता सुल्या के कुशल मार्गदर्शन में नईगढ़ी थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के बहुती नामक गांव में 16 मई को दबिश देकर दो आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित गांजा एवं नशीली कफ सिरप जप्त करते हुए आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने में कामयाबी हासिल की है। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा नईगढ़ी थाना प्रभारी एमपी अहिरवार के नेतृत्व में हमराह सहयोगी पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को थाना क्षेत्र के बहुती नामक गांव निवासी दिलीप सिंह पिता इंद्रजीत सिंह उम्र 35 वर्ष के अड्डे पर दबिश देखकर प्रतिबंधित मादक पदार्थ कारोबारी के कब्जे से 1 किलो 250 ग्राम प्रतिबंधित गांजा एवं 13 सीसी आनरेक्स नशीली कफ सिरप जप्त की गई वहीं इसी गांव के निवासी आरोपी अजय सिंह पिता इंद्रजीत सिंह उम्र 28 वर्ष के कब्जे से 17 सीसी आनरेक्स नसीली कफ सिरप जप्त करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# 60 दिन बाद भी मुस्लिम लड़के के कब्जे में हिंदू लड़की का नहीं मिला सुराग



**इकलौती लड़की की तलाश में दर दर भटक रहा बेबस पिता**

**जिलाधिकारियों से न्याय की लगा रहा गुहार, धर्मांतरण की आशंका**

**एसडीओपी के नेतृत्व वाली गठित टीम के अभी तक हाथ खाली**

इन दिनों अनूपपुर में धर्म परिवर्तन का मामला गरमाया हुआ है जिसमे लड़की के पिता का आरोप है कि लड़की को मुस्लिम लड़के द्वारा मजहबी आयतों को पढ़ाकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है और घर से भगा ले जाने के बाद विशेष विवाह का आवेदन भी जिला कार्यलिय में दिया गया है। जिसको लेकर लड़की के पिता समेत विश्व हिंदू परिषद और सामाजिक संगठनों ने भी अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है पर अभी तक न ही लड़की का पुलिस को कोई पता चल सका है न ही किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नजर आ रही है।



हरिभूमि न्यूज

**अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना अंतर्गत एक हिंदू परिवार की बेटी परिवर्तित नाम (कविता) को एक मुस्लिम समुदाय के युवक द्वारा बीते 60 दिनों पहले घर से भगा कर ले जाने की घटना सामने आई थी जिसमे पीड़ित पिता द्वारा थाने में सूचना देने के बाद भी दोनों का कोई पतासाजी पुलिस ने नहीं किया। लड़की के पिता लगातार थाना और जिला प्रशासन का चक्कर काट रहे थे पर भालूमाड़ा पुलिस ने कई दिनों तक गुमशुदगी की सूचना तक नहीं लिखी। गौरतलब हो कि लड़की के किताब से मजहबी कविताएं एवं आयते मिली है जिस पर परिवार को शक है कि मुस्लिम युवक द्वारा लड़की को मजहबी पढ़ाई करवाकर धर्मांतरण का प्रयास किया गया है। लड़की के परिवार में पिता के सिवा कोई नहीं है लड़की की मां का कुछ सालों पहले निधन हो गया था वह अपने पिता के साथ अकेले रहती थी अकेला पिता अपनी लड़की को वापस लाने के लिए दर दर भटक रहा है।

## व्हीएचपी ने लिया था मामले पर संज्ञान

दर दर की ठोकर खा रहे लड़की के पिता ने जब अपनी आप बीती कुछ दिनों पहले विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी सहित अपने समाज को बताया तब संगठन समाज ने मिलकर अनूपपुर कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर लड़की को वापस घर लाने की बात ज्ञापन के माध्यम से कही थी एवं कार्यवाही नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी थी ज्ञापन मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर ने एसडीओपी कोतमा के नेतृत्व में टीम गठित कर लड़की को ढूंढने और उसका बयान लेने कड़े निर्देश दिए है परंतु आज तक पुलिस कप्तान के निर्देशों का पालन जिम्मेदारों द्वारा नही किया जा सका।

## लड़की को पिता से दूर रखकर किया विशेष विवाह का आवेदन

बीते 60 दिनों से लड़की के पिता दर-दर की खाक छान रहे पर उन्हें अभी तक उनकी लड़की का पता नहीं चल सका है और ना ही पुलिस के नुमाइंदे लड़की को भगा ले जाने वाले मुस्लिम लड़के एवं लड़की का पता लगा सके है। लड़की की किताबों से मिले मजहबी आयतों से अनुमान लगाया जा रहा है कि लड़की को धर्म परिवर्तन कराने की पूरी कोशिश की जा रही थी। मुस्लिम लड़के द्वारा लड़की को भगा ले जाने के बाद एक बार भी उसके पिता से संपर्क न होना और विशेष विवाह का आवेदन करना कही न कही यह बहुत बड़े स्तर पर चल रहे धर्म परिवर्तन का जिहादी मामला भी हो सकता है। यह पूरे हिंदू समाज के लिए बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। बहरहाल इस पूरे मामले में अभी तक पुलिस लड़की को ढूंढने का ही प्रयास कर रही है। जैसे जैसे दिन गुजर रहे है वैसे वैसे हिंदू संगठन एवं सामाजिक गुस्सा बढ़ता दिखाई दे रहा है। अगर समय रहते जिला के आला अधिकारियो ने इस मामले में यथा उचित परिणाम नहीं दिए तो सामाजिक न्याय एवं सुरक्षा पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह लग जायेगा।

## इनका कहना है

मामला संज्ञान में है। इस पूरे मामले को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर देख रहे हैं।

**डीसी सागर, एडीजीपी**

## खबर संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने से उपचार के दौरान युवती की मौत



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बरबसपुर गांव की निवासी स्वर्गीय सीताराम पांडेय की 25 वर्षीय पुत्री आयुषी पांडेय उर्फ शिल्पी जो गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि प्रत्येक दिन की तरह घर में कमरे में पलंग पर परिजनों के साथ सो रही थी तभी शुक्रवार की सुबह अचानक एक जहरीले कीड़े ने बाएं हाथ के कोहनी के पास काट लिया जिसे परिजनों द्वारा गंभीर हालत में होने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जिसकी उपचार दौरान दर्दनाक मौत हो गई। घटना की ड्यूटी डॉक्टर द्वारा दिए जाने पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा मृतिका के परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पीएम की कार्यवाही की है। घटना की जानकारी लगते ही पांडे परिवार के साथ अन्य परिचित भी सदमे में है।

### अवैध रेत खनिज चोरी पर जैतहरी पुलिस ने की कार्यवाही

**जैतहरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा 16 मई के रात्रि जैतहरी से गोबरी आम रोड वार्ड नंबर 15 स्वराज कंपनी का ट्रैक्टर से अवैध रेत खनिज परिहवन करने पर रेड कार्यवाही कर अवैध रेत परिहवन करते हुए उत्क्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिम लिया गया तथा आरोपी चालक मोनू बेगा पिता दादूराम बेगा उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 बस्ती जैतहरी एवं अज्ञात वाहन मालिक के विरुद्ध क्रमांक 229/2024 धारा 379, 414 ,34 ता०हि0 4/21 खान खनिज अधिनियम वाहन एम.व्ही. एक्ट की धारा 130 /177, का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक पीसी कोल, अमरलाल यादव, विपुल शुक्ला, रविशंकर गुप्ता, मणिराज सिंह, विक्रम परमार, रामेश्वर शर्मा का उल्लेखनीय भूमिका रही।

## फसल अवशेष न जलाएं भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाएं व पर्यावरण बचाएं


**अनूपपुर।** उप संचालक कृषि ने ग्रीष्मकालीन फसलों के अवशेषों को न जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि इस तरह से भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी अवगत कराया है। उन्होंने बताया है कि फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसे निकलती हैं, जो मनुष्यों व पशुओं के स्वास्थ्य के लिये गम्भीर खतरा है। अवशेष जलाने से उठने वाले धुएं से कार्बनडाइ आक्साइड, कार्बन मोनोआक्साईड, मीथेन, नाईट्रिक आक्साईड, आदि हानिकारक गैसे उत्पन्न होती हैं, जो वातावरण को प्रदूषित करती है। फसलों के अवशेष में आग लगाने से भूमि की ऊपरी परत पूरी तरह जलकर कठोर हो जाती है। जिससे भूमि में वायु व जल का संचार घट जाता है। साथ ही भूमि में रहने वाले लाभदायक जीवो व अदृश्य सुक्ष्म जीवो की संख्या कम हो जाती है। मित्र जीवाणुओं की संख्या कम होने पर जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। इसके साथ ही पशुओं के लिये चारे की उपलब्धता कम हो जाती है। धुंए की वजह से आंखों में जलन व धुंधलापन व सांस रोगियों को सांस लेने में दिक्कत का भी सामना करना पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे वायुमंडल का तापमान बढ़ता है और फसलों की उत्पादकता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से है फायदे उप संचालक कृषि ने फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से होने वाले फायदे के बारे में भी बताया है। उन्होंने बताया है कि फसल अवशेषों को लगातार 3-4 वर्ष खेतो में मिलाने से पोषक तत्वों की वृद्धि होती है एवं सिंचाई की बचत होती है। मृदा का पीएच मान ठीक रहता है एवं उर्वरकों की उपलब्धता व स्थिरीकरण अधिक समय तक रहता है। भूमि एवं वातावरण में प्रदूषण नही फैलता है। फसल अवशेषों को जमीन में मिलाने पर उत्पादकता स्तर में वृद्धि होती है।

# 18 मई अंतरर्ष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर विशेष

## जिले में भी मौजूद है संग्रहालय

अनूपपुर।

संस्कृति के संरक्षण में संग्रहालय की भूमिका होती है अनूपपुर 17 मई 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य यही है कि हम अपने आसपास की प्राचीन धरोहरों, अवशेषों को सहेज कर रखें जिससे हम और हमरी आने वाली पीढ़ी इसका गौरवशाली इतिहास और महत्व जान सके। प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहरों को संरक्षित रखने एवं प्रचारित करने के लिये म.प्र. टूरिज्म बोर्ड भी संकल्पित है। सम्पूर्ण शहडोल संभाग में आज भी कई ऐसी धरोहरें हैं। किसी भी क्षेत्र का इतिहास जानना हो तो उस क्षेत्र का संग्रहालय अवश्य देखना चाहिए इससे क्षेत्र का ऐतिहासिक काल, मूर्तिकला, शासक और संस्कृति का पता चलता है, इन्ही सबको ध्यान में रखकर 1981 तीर्थंकर महावीर पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना की गयी थी। इसका उद्देश्य जिले की पुरातात्विक धरोहरों को सहेजना और उसका महत्व बताना है। इस संग्रहालय में अनूपपुर, शहडोल और उमरिया जिले की तीसरी सदी से लेकर तेरहवीं सदी तक प्राचीन मंदिरों से और खुदाई में मिली मूर्तियां, कलचुरी वंश की मूर्तियां, मिट्टी के बर्तन, शिल्पियों द्वारा बनाई गई कलाकृति और पुरातत्व के अवशेष, पाषाण कालीन पत्थर के औजार मौजूद है। शोध करने वाले छात्रों के लिए संग्रहालय स्वयं जीता जागता इतिहास है जहां वे प्रत्यक्ष रूप से इन्हे देख सकते हैं और अध्ययन कर जानकारी एकत्रित कर सकते है।



## जिले में भी मौजूद है संग्रहालय

अनूपपुर जिला मुख्यालय से मात्र 65 कि.मी. की दूरी पर स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय वि. वि. के ट्राइबल म्यूजियम में जिले में पाई जाने वाली विशेष जनजातीय धरोहरों को संजो कर रखा गया है जैसे कि पहनावा, आभूषण, औशधीय वस्तुएं, जिले में बनाए जाने वाले मिट्टी के बर्तन, बांस से बनाई गई वस्तुएं, बैलगाड़ी की साज-सज्जा की वस्तुएं, कृषि में इस्तेमाल किये जाने वाले उपकरण व औजार, वाद्ययंत्र, मुखौटे आदि।

## हो रहे हैं संरक्षण के उपाय

सम्पूर्ण संभाग का प्राचीन इतिहास अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध रहा है। संभाग के तीनों जिलों में खुदाई में अनेक प्राचीन मंदिर, गढ़ी, प्राचीन बावड़ियां, मूर्तियां, प्राचीन मूर्तियों के अवशेष मिले हैं। आज भी अनेक स्थानों में शोध कार्य जारी है। अमरकंटक स्थित प्राचीन कलचुरी कालीन मंदिर समूह, माँ नर्मदा उद्गम स्थल एवं मंदिर समूह, प्राचीन गणेश मंदिर धरहरकलां, ग्यारहवीं शताब्दी का शिव मारुति मंदिर समतपुर, गाज मंदिर, प्रथम शताब्दी ईसवी सहित अनेक प्राचीन अवशेष एवं प्रतिमा पाई गई है जिनके संरक्षण हेतु जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा राज्य पुरातत्व विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान से समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव से अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

# अस्पताल खुद बीमार, इधर मरीज भी बेहाल

## मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ही चिकित्सकों की कमी

अनूपपुर/कोतमा।

मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव से अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। ओपीडी में वायरल फीवर और सर्दी, खांसी व उल्टी दस्त के मरीज अधिक आ रहे हैं। विगत चार पांच दिनों से हो रही बारिश के कारण संक्रमण और बढ़ गया है। इलाज के लिए प्रतिदिन ओपीडी में 150 से 200 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे है। भीड़ के चलते ओपीडी कक्ष के बाहर मरीज अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे। मौसम में बदलाव के कारण 30 से 40 उल्टी दस्त के रोगी बढ़ गए हैं।

वायरल के मरीजों से से पूरी ओपीडी पटी रहती है। 200 मरीजों की ओपीडी में 80 से 90 मरीज केवल बुखार के मिल रहे हैं। दो डॉक्टरों के भरोसे ओपीडी- मौसम में बदलाव आने के कारण जहां अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जब अस्पताल का निरीक्षण किया तो अस्पताल में महिला चिकित्सक आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संगीता प्रजापति मौजूद थी और उनके कमरे के बाहर मरीजों की लंबी लाइन लगी थी वहीं पुरुष डॉक्टर के चेंबर में जब नजर दौड़ाया तो उस समय चेंबर में डॉक्टर मौजूद नहीं थे और मरीज इधर-उधर भटकते हुए डॉक्टर की तलाश कर रहे थे। एक मरीज ग्रामीण क्षेत्र से अपना इलाज कराने आया था और वह डॉक्टर की तलाश कर रहा था लेकिन आधे घंटे से डॉक्टर मिल नहीं रहे थे। पता चला पुरुष डॉक्टर राउंड पर मरीज देख रहे हैं। जबकि स्वास्थ्य महकमा अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर की सुविधा होने की दम भर रहे हैं, लेकिन धरातल में स्थितियां है कि दो डॉक्टरों के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा।

## दवा वितरण केंद्र मे लंबी लाइन

जब हमारे प्रतिनिधि ने दवा वितरण कक्ष का मुआयना किया तो वहां पर मरीजों की लंबी लाइन लगी हुई थी और दवा वितरण कक्ष में ड्रेसर प्रेमचंद के द्वारा दवाइयां का वितरण किया जा रहा था। पूछने पर पता चला कि वह कई दिनों से दवा का वितरण कर रहे हैं।

**ड्रेसिंग के लिए कर रही थी इंतजार**

सुबह 10 बजे से धनिया प्रजापति अपने साथ में मरीज को लेकर ड्रेसिंग करवाने आई थी और 1:30 बजे तक वह ड्रेसिंग रूम के बाहर बैठकर अपने बारी आने का इंतजार कर रही थी धनिया प्रजापति ने बताया कि मेरे बाद के कई मारी जाए और ड्रेसिंग करवा कर चले गए प्रेशर का कहना कि अभी बैठो भीड़ ज्यादा है ड्रेसिंग हो जाएगी।

## दंत चिकित्सक भी नदारत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में कहने को तो दंत चिकित्सक की



मौजूदगी है लेकिन मात्र कागजो में। दंत चिकित्सक के कमरे में ताला लटक रहा था और मरीज इधर-उधर भटक रहे थे पता करने पर पता चला कि कई दिनों से दंत चिकित्सक महिला डॉक्टर ए ही नहीं रही है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र से इलाज करने आ रहे मरीज डॉक्टर को ढूंढते हुए परेशान हो रहे थे। एक ओर जिला कलेक्टर जिले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। और दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चहु ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां एवं गंदगी नजर आ रही है। अस्पताल परिसर में बड़े-बड़े गाजर घास के पौधे उगे हुए हैं अस्पताल परिसर के आसपास पीछे तरफ गंदगी भरी पड़ी हुई है। अस्पताल से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट को परिषद में ही जलाया जा रहा है। यह हाल जब स्वास्थ्य केंद्र का है जहां मरीज को ठीक किया जाता है लेकिन स्वच्छता को देखकर ऐसा लग रहा है कि मानो अस्पताल स्वयं बीमार हो। खंड चिकित्सा अधिकारी को देना चाहिए ध्यान अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी अस्पताल में बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके कारण अस्पताल पूरी तरह से अब व्यवस्था का शिकार होता नजर आ रहा है जबकि उन्हें यह देखना चाहिए कि वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ रही है और डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है वह डॉक्टर आ रहे हैं या नहीं आ रहे हैं मरीज को अस्पताल में क्या सुविधा मिल रही है। इन सब बातों से अधिकारी को कोई लेना देना नहीं है।

## नहीं चल रहे पंखे

मरीज के भरती कक्ष में जब निरिक्षण किया गया तो वहां पर लगे तीन पंखे काफी दिनों से बंद पड़े हुए हैं। अस्पताल के कर्मचारियों को बुलाकर जब पंख चलवाया गया तो वह पंखा चल ही नहीं रहा था। यहां तक की जो ए सी लगा है वह भी सही ढंग से काम कर नहीं रहा था इस उमश भरी गर्मी में मरीज का हाल बुरा लग रहा था जबकि उस कक्ष में कई मरीज सर्दी खांसी बुखार एवं उल्टी दस्त से पीड़ित भर्ती थे।



**मंत्री के विधानसभा क्षेत्र में ही चिकित्सकों की कमी**

मध्य प्रदेश शासन में कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल के विधानसभा क्षेत्र कोतमा में ही चिकित्सकों की कमी बनी हुई है। कोतमा तहसील मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी तहसीलों में से एक हैं। लगभग 2 लाख 50 हजार की आबादी और 848 वर्ग किलोमीटर में फैली कोतमा तहसील में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में प्रतिदिन 250 से 300 मरीज पहुंचते हैं। कोतमा तहसील में शासन के नियमानुसार 37 चिकित्सकों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में महज 6 चिकित्सक ही बीमारों का उपचार कर रहे हैं। इन चिकित्सकों को भी व्यवस्था के अनुसार यहां से वहां किया जाता रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सकों का स्थान परिवर्तन व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से मरीजो को रेफर का जुगाड़ कर चिकित्सा व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है।

## यहां सिर्फ उन्नयन हुआ

कोतमा तहसील में पूर्व में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा संचालित था। 3 वर्ष पूर्व कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रके रूप में उन्नयन कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 2, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 7 तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 44 है। इलाज के नाम पर आलीशान भवन खड़े कर दिए गए लेकिन इन भवनों में चिकित्सकों और दूसरे स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो पाई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सक विहीन राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे डा. पुष्पराज सिंह अटैच तो कर दी गई है, लेकिन उनकी पदस्थापना पयारी मे है और बिजुरी संजीवनी अस्पताल का काम भी देखते है। बेलियाबाड़ी में पदस्थ महिला चिकित्सक को अस्थाई तौर पर कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात कर दिया गया है। वर्तमान में बलिया बड़ी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर गणेश प्रजापति की नियुक्ति कर दी गई है। चिकित्सक डा. योगेश धनवार को पदस्थ किया गया है। जिसकी वजह से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है।



## दर्जा मिला, सुविधाएं नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निर्धारित मानदंड के अनुसार 15 चिकित्सक होने चाहिए। जिनमें विषय विशेषज्ञों के साथ ही 6 मेडिकल आफीसर भी शामिल हैं। कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सितंबर माह में उन्नयन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दे दिया गया। वर्तमान में इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिर्फ एक चिकित्सक ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भी बेहाल

उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी गाइड लाइन के अनुसार एक बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा एक पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता होना चाहिए। वर्तमान में महज 8 पुरूष हेल्थ वर्कर ही तैनात हैं, इन 8 में से भी सिर्फ एक की तैनाती उप स्वास्थ्य केन्द्र में है। 6 हेल्थ वर्करों से सुपरवाइजर का कार्य लिया जा रहा है, वहीं एक हेल्थ वर्कर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में लेखापाल के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। एएनएम भरोसे ही उप स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन हो रहा है।

## वादे अब तक रहे अधूरे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा को सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाए जाने की मांग काफी दिनों से नगरवासी कर रहे हैं यहां तक की एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाए जाने की मांग भी की थी सिविल अस्पताल का दर्जा मिल जाने के बाद स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के साथ कर्मचारियों की भी पदस्थापना हो जाएगी जिससे आमजन को सुलभ स्वास्थ्य की सुविधा मिलने लगेगी लेकिन आज तक ऐसा नहीं होने से कोतमा अस्पताल मात्र चार चिकित्सक के भरोसे चल रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता का स्थानांतरण इंदौर जिले के लिए हो गया है लेकिन उनकी जगह अभी कोई शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सा की पदस्थापना नहीं की गई है वह भी जगह खाली हो गया है।